आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 14.07.2026    समय : 02.10PM

पीएम मोदी- संस्कृत का उद्धरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस प्रकार सूर्य को उसके प्रकाश के बिना नहीं देखा जा सकता, उसी प्रकार प्रकाश भी सूर्य के बिना नहीं हो सकता। संस्कृत का उद्धरण साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस प्रकार सूर्य और उसके प्रकाश का संपूर्ण अस्तित्व और शक्ति एक दूसरे पर पूर्णतः निर्भर हैं।

कैबिनेट बैठक

भोपाल के वल्लभ भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्री चैतन्य कश्यप ने बताया कि समान नागरिक संहिता समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और 18 जुलाई को होने वाली अगली बैठक में इसका बिल लाया जाएगा।

कैबिनेट ने लॉर्ड्स में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी, जिसमें प्रदेश की खिलाड़ी क्रांति गौड़ भी शामिल हैं। एमपी टेक ग्रोथ के तहत 40 हजार करोड़ रुपए के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई, जिससे 34 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। प्रदेश में 28 हजार करोड़ रुपए की लागत से एआई डेटा सेंटर भी स्थापित होगा। कैबिनेट ने वर्ष 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने पंचायतों के खातों को डिजिटल बनाने के लिए दृष्टि पोर्टल का भी शुभारंभ किया।

सीएम दिल्ली- भारत टैक्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित चार दिवसीय भारत टैक्स-2026 में शामिल हो रहे हैं। यहां वे देश-विदेश के प्रमुख टेक्सटाइल निवेशकों से संवाद कर प्रदेश में निवेश के नए अवसर तलाशेंगे। इस दौरान राज्य में टेक्सटाइल, गारमेंट और

फुटवियर क्षेत्र में नया निवेश आकर्षित करने की पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री कई कंपनियों के साथ एकल बैठकें भी करेंगे। कार्यक्रम में निवेश और कौशल विकास से जुड़े कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर भी होंगे। मुख्यमंत्री उद्योग जगत को जनवरी 2027 में प्रदेश में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का न्योता भी देंगे।

कैच द रेन

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने "कैच द रेन" अभियान के तहत जल संरक्षण के प्रयास तेज किए हैं। यह काम अमृत 2.0 योजना के तहत हो रहा है। देशभर के 900 से अधिक शहरी निकाय इस अभियान में शामिल हैं। इसके तहत सवा लाख एकड़ से अधिक जल निकायों का पुनर्जीवन किया जा रहा है। भूजल पुनर्भरण के लिए भी बड़े पैमाने पर संरचनाएं बनाई जा रही हैं। मंत्रालय ने कहा कि साढ़े बारह हजार एकड़ में हरित क्षेत्र भी विकसित किए जा रहे हैं।

अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा

भोपाल में आज एक नई 'अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा' का लोकार्पण होगा। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आंचलिक विज्ञान केंद्र में इसका उद्घाटन करेंगे। यह दीर्घा नेहरू साइंस सेंटर मुंबई के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। इसमें ब्रह्मांड और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। आर्यभट्ट से लेकर चंद्रयान और गगनयान तक की उपलब्धियां यहां प्रदर्शित होंगी।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0

प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस ने "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान शुरू किया है। इसका शुभारंभ आज भोपाल के रवींद्र भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में होगा। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। इसका मकसद युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के नुकसान के प्रति जागरूक करना है। अभियान में सामाजिक न्याय, उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग भी सहयोग करेंगे। जिलों में जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और संगोष्ठी जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में इस मानसून सीजन में जुलाई महीने में पहली बार बारिश सामान्य से कम दर्ज हुई है। अब तक प्रदेश में करीब साढ़े नौ इंच बारिश हुई है, जो सामान्य से तीन प्रतिशत कम है। पिछले पांच दिनों से बारिश की रफ्तार थमी हुई है। मौसम विभाग ने आज कई जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई है। वहीं भोपाल, इंदौर सहित कई जिलों में तेज धूप रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने पर प्रदेश में फिर तेज बारिश शुरू हो सकती है।

महिला क्रिकेट टीम ने लॉड्र्स

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कल लॉड्र्स में इतिहास रच दिया। भारत ने एकमात्र टेस्ट में इंग्लैंड को 270 रनों से हराया। यह लॉड्र्स के 142 साल के इतिहास में पहला महिला टेस्ट मैच था। इंग्लैंड को 457 रनों का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम 186 रन पर आउट हो गई। यह भारत की पिछले 11 टेस्ट मैचों में सातवीं जीत है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने टीम को बधाई दी है। कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने भी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

संक्षिप्त समाचार :–

- ज़िले भर में दस्तक अभियान' का प्रथम चरण आज से शुरू हो रहा है। यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। अभियान के तहत गुना, शिवपुरी व रायसेन ज़िले में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 5 साल तक के सभी छोटे बच्चों को घर-घर जाकर आयरन सिरप, जिंक और ओआरएस के घोल वितरित किए जाएंगे।
- नर्मदापुरम जिले में मेरा युवा भारत के तहत जिला पेंशन कार्यालय में एक्सपेरिमेंटल लर्निंग कार्यक्रम आयोजित कर स्वयंसेवकों को पेंशन विभाग की कार्यप्रणाली, ऑनलाइन फाइल संचालन और डिजिटल प्रशासन की जानकारी दी गई।
- बुरहानपुर जिले में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत कल पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- रतलाम पुलिस द्वारा 24 जून से 8 जुलाई तक जिले भर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए।

-----------------------------